भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
29.03.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 4633 का उत्तर

आठ कार/कोच वाली वंदे भारत

4633. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री बिद्युत बरन महतो:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे छोटे शहरों में आठ कार/कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां शुरू करने पर विचार कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी शहर-वार ब्यौरा क्या है और उक्त वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं और ऐसी रेलगाड़ियां चलाने के क्या कारण हैं;

(ग) रेलवे द्वारा अगले वर्ष और चालू वर्ष के लिए छोटे, आठ कारों/कोच के संस्करण के विनिर्माण के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और ऐसी रेलगाड़ियों के कब तक चालू होने की संभावना है;

(घ) क्या राजधानी और शताब्दी रेलगाड़ियों की तुलना में महंगी होने के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां किफ़ायती नहीं हैं और विशेषकर टियर-2 और छोटे शहरों के बीच चलने वाली रेलगाड़ियां घाटे में चल रही हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी रेलगाड़ियों के संचालन में रेलवे को इसकी स्थापना से लेकर चालू वर्ष में कितना घाटा हुआ है; और

(च) सरकार द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का किराया कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल द्वारा देशभर के विभिन्न भागों को जोड़ने के लिए 75 वंदे-भारत चेयर कार रेल गाड़ियों के विनिर्माण की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, बजट

s.k

2022-2023 में बेहतर ऊर्जा कुशलता और यात्रियों के बेहतर यात्रा अनुभवों के साथ चार सौ नई पीढी की वंदे भारत गाड़ियों के विकास एवं विनिर्माण के संबंध में घोषणा की गई है। भारतीय रेल पर वंदे भारत सेवाओं, जिनमें 8/16 कार वाली वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं भी शामिल हैं, को शुरू करना परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात के औचित्य, चल स्टॉक की उपलब्धता आदि के अध्यधीन एक सतत् प्रक्रिया है। पहली 08-कार वंदे-भारत रेक की योजना मार्च, 2023 में बनाई गई है। ये रेल गाड़ियां आधुनिक सवारी डिब्बों के साथ परिचालित की जा रही हैं और जिनका उद्देश्य यात्रा करने वाले यात्रियों को तीव्र सेवाएं और बेहतर यात्रा अनुभव मुहैया कराना है। वंदे भारत सेवाओं की आधुनिक विशेषताओं में गति में तुरंत वृद्धि, ऑन-बोर्ड इन्फोटेनमेंट एवं ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) आधारित यात्री सूचना प्रणाली, स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे, रिट्रैक्टेबल फुटस्टेप, जीरो डिस्चार्ज वैक्यूम बायो शौचालय शामिल है और बेहतर संरक्षा हेतु कवच प्रणाली भी लगी हुई है।

(घ) से (च): विभिन्न गाड़ियों की 100 % से अधिक औसत अधिभोगिता के साथ वंदे भारत सेवाओं को यात्रियों द्वारा बड़े स्तर पर स्वीकार किया गया है। भारतीय रेल पर गाड़ी-वार लाभ/हानि का आंकड़ा नहीं रखा जाता है।

******

s.k